# A report on one day workshop of Entrepreneurship and Skill development management



## 20 march 2021
## Innovative and skill development Cell
## Govt. Lohia P. G. College,
## Churu

## वोकल फॉर लोकन

## एक दिवसीय कार्यशाला दिनांक 20.03.2021

## उद्यमिता कौशल विकास प्रबन्धन प्रशिक्षण

## संयुक्त आयोजक – आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर एवं आर.एस.एल.डी.सी.

राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू में दिनांक 20.03.2021 को आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर एवं आरएसएलडीसी के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में माँ सरस्वती की पूजा के साथ कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गई। इस अवसर पर आयुक्तालय नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. विनोद भारद्वाज, सह प्रभारी डॉ. ललिता यादव एवं डॉ. विश्राम मीणा ने सहभागिता की। इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों में प्राचार्य दिलीप सिंह पूनियां, प्रो. महावीर सिंह, नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ, लोहिया महाविद्यालय, चूरू के प्रभारी डॉ. के. सी. सोनी तथा मनसा फाउण्डेशन के प्रतिनिधि श्री अजय कुमार एवं श्री मनीष कुमार उपस्थित थे। कार्यशाला के प्रारम्भ में प्राचार्य श्री दिलीप सिंह पूनियां ने गणमान्य अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

श्री दिलीप सिंह पूनियां ने नवाचार एवं कौशल विकास के कार्यक्रम के सफल संचालन सम्बन्धी महाविद्यालय स्तर पर की गई तैयारियों की जानकारी दी। श्री पूनियां ने कौशल विकाय कार्यक्रमों की विद्यार्थियों के भावी जीवन हेतु उपयोगिता के बारे में स्पष्ट किया एवं कोरोना महामारी सम्बन्धी दिशानिर्देशों की पालना करते हुए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर प्रभारी नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ के डॉ. के. सी. सोनी द्वारा कोरोना महामारी के लोकडाउन के समय लोहिया महाविद्यालय के समस्त संकाय सदस्यों द्वारा विद्यार्थीहित में शैक्षणिक ई–व्याखान एवं वीडियो के सम्बन्ध में जानकारी दी। इन्होंने बताया कि सत्र 2019–20 में समर कैम्प के दौरान फोटोग्राफी, स्पोकन इंग्लिश तथा पर्सनेलिटी डवलपमेण्ट के ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण के दौरान रतननगर निवासी श्री राजेन्द्र जी हिरावत के सौजन्य से इसका आयोजन किया गया। आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के डॉ. विनोद भारद्वाज ने लोहिया महाविद्यालय में अपने प्रथम आगमन के अवसर पर महाविद्यालय में संचालित विभिन्न गतिविधियों के आधार पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु लोहिया महाविद्यालय को रेखांकित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को भावी मानव संसाधन बताते हुए निरन्तर बौद्धिक क्षमता, व्यक्तित्व विकास एवं ज्ञान सम्पदा में अभिवृद्धि हेतु कौशल विकास पाठ्यक्रम के प्रति

पॉवर पॉइण्ट प्रस्तुती के माध्यम से उद्यमिता एवं कौशल विकास पाठ्यक्रमों से जुड़ने हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

इस अवसर पर डॉ. ललिता यादव, सह प्रभारी नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ (आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर) द्वारा राजस्थान सरकार द्वारा चलाये जा रहे कौशल विकास कार्यक्रमों जैसे– मुख्यमंत्री युवा कौशल विकास योजना, एमओसी, कौशल संवर्द्धन एवं रोजगार परक कार्यक्रम, आत्मनिर्भर भारत, उद्यमिता प्रोत्साहन योजना, आईआईटी कोटा द्वारा संचालित किये जाने वाले भावी कार्यक्रमों को पीपीटी कार्यक्रमों के माध्यम से स्पष्ट किया। मनसा फाउण्डेशन जयपुर के प्रतिनिधि डॉ. मनीष द्वारा एक से छः सप्ताह तक आयोजित किये जाने वाले विभिन्न स्किल डवलपमेण्ट पाठ्यक्रमों के सन्दर्भ में स्टर स्किल एप्प, गुगल प्ले स्टोर के माध्यम से डाउनलोड करने की जानकारी दी।

आयुक्तालय नवाचार कौशल विकास प्रकोष्ठ के सदस्य डॉ. विश्राम मीणा द्वारा मानव संसाधन सामर्थ्य पर बल देते हुए मदर टेरेसा का उदाहरण देकर छोटे–छोटे कार्यों के लगातार करते हुए जीवन की सार्थकता पर बल दिया। भगवान राम की सफलता के लिए हनुमानजी द्वारा अभिप्रेरणा का उदाहरण देते हुए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के संकाय सदस्य, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट रोवर रेंजर, पूर्व विद्यार्थी, मीडियाकर्मी व इस सत्र के नियमित विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अन्त में महाविद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात् वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो. महावीर सिंह द्वारा अतिथियों, संकाय सदस्यों एवं मीडियाकर्मियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुरेन्द्र डी. सोनी एवं डॉ. भवानी शंकर शर्मा द्वारा किया गया। अन्त में कार्यक्रम के विधिवत समापन के पश्चात् इसका द्वितीय सत्र चूरू जिले में स्थित समस्त राजकीय महाविद्यालयों में संचालित नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ के प्रभारियों के साथ महाविद्यालय के सेमीनार कक्ष में आयुक्तालय के प्रतिनिधियों द्वारा परिचर्चा सत्र का आयोजन किया एवं वर्षभर आयोजित की जाने वाली गतिविधियों के सफल संचालन हेतु दिशानिर्देश दिये। अन्त में प्राचार्य की अनुमति से कार्यक्रम का विधिवत समापन किया गया।

**प्राचार्य**
**राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू**



**Dr.  Vinod Bhardwaj addressing to students**



**Dr Lalita Yadav addressing to students**




**Dr Vishram Meena addressing to students**




**Dr Manish  addressing to students**



**Felicitation of Dr Vinod Bhardwaj**



**Felicitation of Dr laita yadav**




**CCE members with principal and other faculties**



**Students in seminar hall on the day of workshop**